an>

Title: Need to reschedule the working hours of offices in public and private sector to resolve the problems of traffic and pollution in Delhi.

श्री भोला सिंह (बुलन्दशहर): मैं एक महत्वपूर्ण विषय सरकार के समक्ष रखना चाहता हूं। अभी दिल्ली सरकार ने एक आदेश पारित किया है कि दिल्ली में सम और विषम गाड़ियां अलग-अलग दिन चलेंगी जिससे दिल्ली की जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। सम और विषम गाड़ियों को अलग-अलग दिन चलाने की बजाय सरकारी/प्राइवेट कार्यालय का समय क्रमशः 8.00 से 4.00 बजे तक और 12.00 से 8.00 बजे तक अलग-अलग समय कर दिया जाए एवं शनिवार-रविवार को अवकाश के स्थान पर कुछ कार्यालय का अवकाश शुक्रवार-शनिवार और कुछ का रविवार-सोमवार हो जाए जिससे प्रदूषण भी कम होगा और लोगों की समस्या का समाधान भी होगा।